# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (21.01.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 21.01.2025, PAGE-06

# सर, मेरा एडमिट कार्ड लेकर कुंभ चला गया दोस्त, कैसे दूं परीक्षा

**छात्र संवाद**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में सोमवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में छात्र संवाद का आयोजन हुआ। इसमें कई छात्र अपनी समस्याएं को लेकर पहुंचे। बीए प्रथम सेमेस्टर के एक छात्र ने कहा कि उसका एडमिट कार्ड उसका दोस्त लेकर कुंभ नहाने चला गया। उसके पैर में चोट लग गई थी, इसलिए वह एडमिट कार्ड लेने नहीं आ सका। एडमिट कार्ड दोस्त के पास ही है।

छात्र ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान से परीक्षा में बैठने देने की गुहार लगाई। इस पर छात्र संवाद में मौजूद डिप्टी कंट्रोलर डॉ. आनंद दूबे और अन्य अधिकारियों ने कहा कि अब यह संभव नहीं है। दूसरी ओर, मैथिली से पीजी करने वाली एक छात्रा गायत्री कुमारी की शिकायत थी कि वह सत्र 2018-20 की छात्रा है और उसे लगातार तीन सेमेस्टर में परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित कर दिया गया है। वह लगातार दो साल से विभाग से लेकर विवि तक के चक्कर काट रही है। उसे कई विषयों में फेल भी कर दिया गया है। एलएस कॉलेज के दिगंबर झा ने कहा कि वह सत्र 2019-22 का छात्र है। उसे अब तक मार्क्सशीट नहीं मिली है। आरएन कॉलेज, हाजीपुर के राजीव और हिमांशु ने कहा कि उनलोगों ने सत्र 2020-22 में ही पीजी की परीक्षा पास कर ली, लेकिन अब तक मार्क्सशीट नहीं मिली है। पीएचडी के छात्र संतोष कुमार ने कहा कि उसे पैट 2021 के कोर्स वर्क की मार्क्सशीट नहीं मिली है। छात्र संवाद में डॉ. अमर बहादुर शुक्ला, रंजीत कुमार, अमन राज मौजूद रहे।

# भौतिकी विभाग में होगा पार्कों का सौंदर्यीकरण

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के भौतिकी विभाग में सोमवार को उद्यान सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया गया। यह काम मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत 10,24,900 रुपये के अनुदान से किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद प्रो. संजय सिंह और कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा ने की। मौके पर कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा, प्रो. संगीता, संजय कुमार, आरबीबीएम की प्राचार्या ममता रानी, सकरा कॉलेज की प्राचार्या अमिता शर्मा, बुस्टा के अध्यक्ष अनिल कुमार ओझा, महासचिव रमेश गुप्ता, बूटा के महासचिव सुनील कुमार सिंह आदि थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

# DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 21.01.2025, PAGE-04

# पार्क में बनेगा बैडमिंटन व वालीबाल कोर्ट



शिलान्यास करते एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह व कुलपति प्रो. डीसी राय • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी भौतिकी विभाग में उद्यान सुंदरीकरण का शिलान्यास कुलपति प्रो. डीसी राय, एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह समेत अन्य ने किया। विभाग में सात से आठ कट्ठे की जमीन में बीचोंबीच पांच फीट रोड बनेगा। बीच में डिवाइडर और मिट्टी भराई का कार्य होगा। इसके साथ ही पार्क में बैडमिंटन और वालीबाल कोर्ट बनेगा। चारों तरफ बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी। यह कार्य बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत 10 लाख 24 हजार ९०० रुपये से किया जाएगा।

शिलान्यास समारोह में रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पीजी भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर पीजी भौतिकी विभाग की डा. संगीता, डा. संजय कुमार, आरबीबीएम की प्राचार्या डा. ममता रानी, सकरा कालेज की प्राचार्य डा. अमिता शर्मा, बुस्टा अध्यक्ष डा. अनिल कुमार ओझा, महासचिव डा. रमेश गुप्ता और बूटा के महासचिव डा. सुनील कुमार सिंह समेत विभाग के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन का उद्घाटन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को कैंटीन का उद्घाटन कुलपति प्रो. डीसी राय, रजिस्ट्रार अपराजिता कृष्णा समेत अन्य ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे। कैंटीन का संचालन नए सिरे से किया जा रहा है। कैंटीन की शुरुआत होने से दूरदराज से विश्वविद्यालय पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को फायदा होगा। परीक्षा में शामिल होने समेत अन्य कार्यों के लिए कैंपस में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं को नाश्ता समेत अन्य जरूरतों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:21.01.2025**
**PAGE-04**

## पीजी में नामांकन के लिए 25 तक कर सकते आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में नामांकन के लिए एक बार फिर आवेदन की तिथि विस्तारित होगी। विश्वविद्यालय स्तर से 25 जनवरी तक आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। छात्र-छात्राओं की मांग पर विश्वविद्यालय स्तर से ऐसा किया गया है। स्नातक पार्ट थर्ड के रिजल्ट पेंडिंग समेत अन्य कारणों से अब भी विद्यार्थी आवेदन से वंचित हैं। अब तक करीब 16 हजार आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। वहीं करीब 10 हजार से अधिक सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया होनी है। नियमित करने के लिए इस वर्ष दो सत्र में पीजी में नामांकन लिए जाने की योजना है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि तिथि विस्तार की स्वीकृति के बाद आवेदन के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 21.01.2025, PAGE-04

## भौतिकी विभाग के उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण



**मुजफ्फरपुर**. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में सोमवार को कुलपति प्रो.दिनेशचंद्र राय और एमएलसी प्रो.संजय कुमार सिंह ने उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया. बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग के मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत 10,24,900 रुपये से उद्यान का विकास किय जायेगा. कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा भी मौजूद रहीं. कार्यक्रम में भौतिकी विभाग के प्रो.संजय कुमार, प्रो.संगीता, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी, आरसी कॉलेज सकरा की प्राचार्य डॉ अमिता शर्मा, बुस्टा के अध्यक्ष प्रो.अनिल कुमार ओझा, महासचिव रमेश गुप्ता और बूटा के महासचिव सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे. इसके अलावा, विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के समस्त शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:21.01.2025, PAGE-04

# अंकपत्र नहीं मिलने से विद्यार्थी परेशान संवाद में लगातार मिल रही शिकायत

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सोमवार को लंबे समय के बाद छात्र संवाद का आयोजन किया गया. विभिन्न जिलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने इसमें अपनी समस्याएं पदाधिकारियों के समक्ष रखी. संवाद में प्राप्त हुए विभिन्न आवेदनों में अधिकतर मामले अंकपत्र नहीं मिलने से संबंधित थे. छात्र-छात्राओं ने बताया कि परिणाम जारी होने के एक वर्ष से अधिक बीत गये पर अंकपत्र अबतक नहीं मिला है. पीजी मैथिली विभाग की छात्रा गायत्री कुमारी ने पीजी 2018-20 के चारों की सेमेस्टर की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद भी अंकपत्र नहीं मिलने की शिकायत की. छात्रा ने यह शिकायत की है कि अबतक उसका किसी भी सेमेस्टर का परिणाम नहीं दिख रहा है. इसके बाद भी उसे अगले सेमेस्टर का फॉर्म भरवा दिया गया. संबंधित विभाग को मामले को देखने को कहा गया है.



छात्र संवाद में विवि के अधिकारी से शिकायत करते छात्र.

पीजी सत्र 2020-22 की परीक्षा में शामिल हुए आरएन कालेज हाजीपुर के छात्र हिमांशु कुमार ने भी अंकपत्र नहीं मिलने की शिकायत की. स्नातक सत्र 2020-23 के छात्रों ने भी अबतक अंकपत्र नहीं मिलने की बात कही. पदाधिकारियों ने उन्हें शीघ्र अंकपत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. संवाद के दौरान अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, गेस्ट हाउस इंचार्ज डॉ अमर बहादुर शुक्ला, डिप्टी कंट्रोलर डॉ आनंद प्रकाश दूबे समेत अन्य मौजूद थे.

## विवि में मनी इंद्रजीत ईश्वर की 33वीं पुण्यतिथि

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (बुटा) व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय (सेवा) शिक्षक संघ (बुस्टा) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शिक्षक नेता प्रो. इंद्रजीत ईश्वर की पुण्यतिथि मनायी गयी. बुटा संरक्षक व विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह, बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेशचन्द्र राय की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. बुस्टा महासचिव प्रो. रमेश प्रसाद गुप्ता ने श्रद्धांजलि-प्रस्ताव पढ़ा. बुटा महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, बुस्टा अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ओझा, पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष डॉ कृष्णकांत सिंह, सीनेटर प्रो. प्रमोद कुमार, सीनेटर प्रो. संजय कुमार सुमन, संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. श्यामबाबू शर्मा, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा, प्रो. आले मुज्तबा, पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार चौधरी, प्रो. मनोज कुमार, प्राचार्य प्रो. ममता रानी आदि मौजूद थे.